हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 03.11.2024



केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह को लेकर एडीजी रमित शर्मा ने शनिवार को अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

# एडीजी ने दिलाई ईमानदारी व सत्यनिष्ठा की शपथ

- सतर्कता जागरुकता सप्ताह के अंतर्गत किया गया आयोजन
- सुधार के लिए गतिविधियों के क्रम में हुआ आयोजन

बरेली, वरिष्ठ संवाददाता। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एडीजी रमित शर्मा ने शनिवार को जोन कार्यालय में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को ईमानदारी व सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

इस दौरान एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के क्रम में सरकारी मंत्रालयों और विभागों को सतर्कता व सुधार पर आधारित गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से क्षमता विकास, प्रशासनिक सुधार, नियमावली का अद्यतन, लंबित शिकायतों का त्वरित निस्तारण और डिजिटल उपस्थिति को मजबूत बनाना शामिल है।

इसी परिपेक्ष्य में उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को जीवन के सभी क्षेत्र में ईमानदारी व कानून के पालन, भ्रष्टाचार उन्मूलन, पारदर्शिता व जनहित की शपथ दिलाई। कहा कि पीड़ितों की शिकायत का निस्तारण समय से करें। पुलिस द्वारा उठाया गया हर कदम जनहित और न्याय की रक्षा के लिए होना चाहिए। इस दौरान स्टाफ अफसर धर्मेन्द्र कुमार राय, पीआरओ अशोक कुमार, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, विप्लव शर्मा, मनोज त्यागी, उप निरीक्षक अनुराग मिश्रा समेत जोन ऑफिस का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 03.11.2024

# जीवन में ईमानदारी और कानूनी नियमों का करें पालन

- सतर्कता जागरुकता सप्ताह की थीम 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि पर बोले एडीजी
- एडीजी जोन रमित शर्मा ने पुलिस लाइंस सभागार में पुलिस कर्मियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

जागरण संवाददाता, बरेली : केंद्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एडीजी जोन रमित शर्मा ने शनिवार को पुलिस लाइंस सभागार में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' विषय पर यह जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मनाया जा रहा है। एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने सरकारी मंत्रालयों और विभागों को सतर्कता और सुधार पर आधारित गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इनमें प्रमुख रूप से क्षमता विकास, प्रशासनिक सुधार, नियमावली का अद्यतन, लंबित शिकायतों का त्वरित निस्तारण और डिजिटल उपस्थिति को मजबूत बनाना शामिल है।

**आठ नवंबर को विज्ञान भवन में होगा विशेष कार्यक्रमः** केंद्रीय सतर्कता आयोग आठ नवंबर को विज्ञान भवन में एक विशेष समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इसमें राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगी। एडीजी ने कहा कि सभी पुलिस कर्मियों और जन सामान्य को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी वचनबद्धता को बनाए रखने के लिए इस सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का पालन करना चाहिये। इस प्रतिज्ञा का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में सहयोग के लिए प्रेरित करना है ताकि राष्ट्रीय प्रगति में वह सभी अपना सहयोग दे सकें। कार्यक्रम में स्टाफ आफिसर एडीजी धर्मेन्द्र कुमार राय, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा, इंस्पेक्टर मनोज त्यागी, उप निरीक्षक अनुराग मिश्रा समेत जोन आफिस का स्टाफ उपस्थित रहा।



पुलिस कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते एडीजी रमित शर्मा • जागरण

### दिलाई यह सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

- जीवन के सभी क्षेत्र में ईमानदारी और कानून के नियमों का पालन करेंगे।
- रिश्वत न लेंगे, न देंगे।
- सभी कार्य पारदर्शी और ईमानदारी से करेंगे।
- जनहित को सर्वोपरि रखेंगे।
- अपने आचरण में ईमानदारी दिखाकर उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।
- भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेंसी को देंगे।

## तरूण मित्र जनपद बरेली दिनॉक 03.11.2024

# 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि 'पर बोले एडीजी

- एडीजी जोन ने सभागार में पुलिस कर्मियों को दिलाई शपथ
- जीवन के हर क्षेत्र में ईमानदारी और कानूनी नियमों का पालन करें रिश्वत न लें, न दें

बरेली, 02 नवम्बर (तरूणमित्र)। केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एडीजी जोन रमित शर्मा ने शनिवार दोपहर को 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' विषय पर कार्यालय सभागार में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को हाथ उठाकर ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। यह जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक मनाया जा रहा है।

एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के निदेशों के क्रम में सरकारी मंत्रालयों और विभागों को सतर्कता और सुधार पर आधारित गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से क्षमता विकास, प्रशासनिक सुधार, नियमावली का अद्यतन, लंबित शिकायतों का त्वरित निस्तारण और डिजिटल उपस्थिति को मजबूत बनाना शामिल है।

**विज्ञान भवन में होगा विशेष कार्यक्रम**

केंद्रीय सतर्कता आयोग 8 नवंबर 2024 को विज्ञान भवन में एक विशेष समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इसमें भारत के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगे। इस अभियान से पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासनिक प्रणाली को प्रोत्साहन मिलेगा, जो राष्ट्र की आर्थिक प्रगति को सुदृढ़ करने में सहायक होगा। एडीजी ने कहा कि सभी पुलिस कर्मियों और जन सामान्य को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी वचनबद्धता को बनाए रखने के लिए इस सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा का पालन करना चाहिये। इस प्रतिज्ञा का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में सहयोग के लिए प्रेरित करना है ताकि राष्ट्रीय प्रगति में वह सभी अपना सहयोग दे सकें।

कार्यक्रम में स्टाफ आफिसर एडीजी धर्मेन्द्र कुमार राय, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा, इंस्पेक्टर मनोज त्यागी, उप निरीक्षक अनुराग मिश्रा समेत जोन आफिस का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 03.11.2024

# कानून का पालन करें रिश्वत न लें-न दें

**बरेली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग की ओर से चलाए जा रहे जागरूकता सप्ताह के तहत एडीजी जोन रमित शर्मा ने शनिवार दोपहर ''सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि'' विषय पर अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। जागरूकता सप्ताह 28 अक्तूबर से तीन नवंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। एडीजी के स्टाफ अफसर धर्मेंद्र कुमार राय, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, विप्लव शर्मा, मनोज त्यागी, उप निरीक्षक अनुराग मिश्रा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 03.11.2024

# पुलिसकर्मियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई



**बरेली, अमृत विचार :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने शनिवार दोपहर को 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' विषय पर कार्यालय सभागार में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग ने मंत्रालयों और विभागों को सतर्कता और सुधार पर आधारित गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मियों और जन सामान्य को ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के प्रति अपनी वचनबद्धता को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि न रिश्वत लेना चाहिए और न ही देना चाहिए। इस मौके पर स्टाफ आफिसर एडीजी धर्मेन्द्र कुमार राय, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, इंस्पेक्टर गीतेश कपिल, इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा, इंस्पेक्टर मनोज त्यागी समेत समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आसमां तक जनपद बरेली दिनॉक 03.11.2024

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह – एडीजी बोले "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि"

## आठ नवंबर को विज्ञान भवन में होगा विशेष कार्यक्रम

**आसमां तक रिपोर्टर**

**बरेली।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा चलाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एडीजी जोन रमित शर्मा ने शनिवार दोपहर को "सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि" विषय पर कार्यालय सभागार में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को हाथ उठाकर ईमानदारी और सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। यह जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के क्रम में सरकारी मंत्रालयों और विभागों को सतर्कता और सुधार पर आधारित गतिविधियों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। जिनमें प्रमुख रूप से क्षमता विकास, प्रशासनिक सुधार, नियमावली का अद्यतन, लंबित शिकायतों का त्वरित निस्तारण और डिजिटल उपस्थिति को मजबूत बनाना शामिल है।

उक्त सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दृष्टिगत



एडीजी, बरेली जोन द्वारा जोन के समस्त जनपद प्रभारी को उनके जनपद में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को भ्रष्टाचार उन्मूलन के सम्बन्ध में शपथ लेने हेतु समुचित निर्देश निर्गत किये गये। जीवन के सभी क्षेत्र में ईमानदारी और कानून के नियमों का पालन करेंगे।

रिश्वत न लेंगे, न देंगे। सभी कार्य पारदर्शी और ईमानदारी से करेंगे। जनहित को सर्वोपरि रखेंगे। अपने आचरण में ईमानदारी दिखाकर एक उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की रिपोर्ट उचित एजेंसी को देंगे।